# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 185 देहरादून गुरूवार 02 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये

# दून विश्वविद्यालय में डा. नित्यानन्द हिमालयी शोध और अध्ययन केन्द्र का लोकार्पण किया

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को दून विश्वविद्यालय में डॉ. नित्यानन्द हिमालयी शोध एवं अध्ययन केन्द्र का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने दून विश्वविद्यालय में शोध एवं विज्ञान पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि डॉ. नित्यानन्द जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उनका प्रयास रहता था, कि जनता के बीच जाकर जन समस्याएं सुनी जाएं और उसके बाद नीतियां बनाई जाएं। उनका मानना था कि विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक शोध कार्य हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। राज्य में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए 05 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। राज्य का संतुलित बजट बने इसके लिए हर क्षेत्र के विशेषज्ञों से संवाद स्थापित किया गया। जन सुझावों को ध्यान में रखते हुए राज्य का बजट बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व में मान–सम्मान बढ़ा है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ा है। 2014 के बाद से देश में नई कार्य संस्कृति आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। 2025 तक उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का समग्र विकास हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इसके लिए योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के अधिकारियों को निदेश दिये गये हैं।



राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि डॉ. नित्यानन्द जी ने समाज सेवा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया। उन्होंने संवेदनशीलता के आधार पर समाजसेवा करने की सीख दी। वे चाहते थे कि उत्तराखण्ड में विभिन्न विषयों पर शोध हो। आज डॉ. नित्यानन्द हिमालयी शोध एवं अध्ययन केन्द्र के लोकार्पण के अवसर पर शोध ा पर ही कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, यह एक सुखद क्षण है। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) के सचिव प्रो. संदीप वर्मा, प्रो. एस.पी.सिंह, प्रो. बानाकर, प्रो. मोनिका अग्रवाल, प्रो. दुर्गेश पंत, उत्तरांचल उत्थान परिषद के संरक्षक प्रेम बुड़ाकोटी, राम प्रकाश पैन्यूली, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, पूर्व कुलपति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वैज्ञानिक मौजूद थे।

## दून विवि में जुट रहा है वैज्ञानिकों का मेला

नगर संवाददाता

देहरादून। सशक्त महिला सशक्त राष्ट्र के केंद्र सरकार के संकल्प के साथ दून विश्वविद्यालय में देश के जाने माने वैज्ञानिक दो दिन तक विज्ञान विषयों में शोध कर रही उत्तराखंड की महिला वैज्ञानकों व शोधार्थियों को व्यावसायिक उन्नयन में विज्ञान के योगदान पर दीक्षित–प्रशिक्षित करेंगे। दून में पहली बार वैज्ञानिकों का इतना बड़ा संगमन हो रहा है और वह भी इस साल को नारी सशक्तीकरण वर्ष के रूप में मना रहे विश्वविद्यालय में। इस आयोजन की जानकारी देते हुए दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि केंद्र सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय ने इस आयोजन के लिए उत्तराखंड की एक स्टेट यूनिवर्सटी को चुना है। दो और तीन जून को होने वाले इस आयोजन के लिए हेमवतीनंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय समेत उत्तराखंड के तमाम विश्वविद्यालयों में विज्ञान, तकनीकी, अभियंत्रण और गणित में शोधरत महिला वैज्ञानिकों ने पंजीकरण किया है। उन्हें दीक्षित करने वाले देश के 50 से अधिक नामचीन्ह वैज्ञानिकों में कुछ भटनागर अवार्ड से सम्मानित हैं तो कई डीन या विभिन्न विभागों के प्रमुख हैं। इसके अलावा विज्ञान से जुड़े प्रदेश के 50 से अधिक प्रतिष्ठानो के प्रमुख भी इस आयोजन में शिरकत कर रहे हैं। सहभागिता और प्रश्नोत्तरी के साथ होने वाले आठ तकनीकी सत्रों में अपना उद्बोधन देने के अलावा वे महिला शोधार्थियों ने अलग अलग भी विमर्श करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। यह वैज्ञानिक संगमन हाल ही में बन कर तैयार हुए डा. नित्यानंद शोध एवं अध्ययन केंद्र में हो रहा है। इसका भी इसी आयोजन के साथ उद्घाटन हो रहा है। प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि 22 करोड़ के इस बहुउद्देशीय भवन में हिमालय ऋषि स्वर्गीय नित्यानंद के सपनों के अनुरूप काम होंगे।

## औद्यानिकी बनेगी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ः गणेश जोशी

नगर संवाददाता

देहरादून। कृषि मंत्री, गणेश जोशी द्वारा आज राजपुर रोड़ स्थित एक होटल में एपिडा, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से औद्यानिक उत्पादों तथा प्रदेश में स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों के प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देते हुए किसानों की आय को बढ़ाने तथा राज्य के औद्यानिकी उत्पादों को राष्ट्रीय तथा ग्लोबल बाजार उपलब्ध करवाने के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन सत्र को कृषि सचिव शैलेश बगौली तथा "कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण" के चेयरमैन अगंमुत्थु ने वर्चुअल माध्यम से दिल्ली से संबोधित किया।



इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि औद्यानिक उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन संबंधी विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं कृषि मंत्री, भारत सरकार नरेन्द्र सिंह तोमर का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। जिनके कुशल नेतृत्व में पूरे देश के साथ–साथ उत्तराखण्ड राज्य में भी औद्यानिक उत्पादों (फल व सब्जी) के निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखण्ड सरकार का भी हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। जिनके मार्ग निर्देशन में उत्तराखण्ड राज्य में औद्यानिक क्षेत्र का समग्र विकास एवं कास्तकारों की आय में गुणात्मक वृद्धि हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत देय राजसहायता की धनराशि में भी वृद्धि की जा रही है। अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि "कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण" के वित्तीय सहयोग से उत्तराखण्ड में फलों एवं सब्जियों के निर्यात को प्रोत्साहन देने हेतु विभागीय अधिकारियोंध्कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुझे अवगत कराया गया है, कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऐसे फलों व सब्जियों के तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन की विभिन्न नवीनतम तकनीकी का व्याख्यान प्रदान किया जायेगा

## छोटी-छोटी खबरें

### ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा

हरिद्वार। दहेज में दो लाख की नकदी और कार की मांग को लेकर पति व ससुरालियों ने विवाहिता का उत्पीड़न किया। आरोप है कि पति ने अश्लील फिल्म दिखाकर अप्राकृतिक यौन शोषण किया। विरोध करने पर बेल्ट से पिटाई करते हुए सिगरेट से दागा गया। इसके बाद मायके में ज्वालापुर आकर मारपीट, गाली–गलौच करते हुए धमकी दी गई। कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता ने अपनी अधिवक्ता सारिका वर्मा के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मंजू देवी की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 13 मई 2015 को पिरान कलियर निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

### तेजी से चल रहा निर्माणाधीन सुरंग का काम

उत्तरकाशी। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम की दूरी कम करने के लिए बनाए जा रहे सुरंग का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। सुरग निर्माण कार्य पूरा होने के बाद तीर्थ यात्रियों को दोनों धामों तक पहुंचने के लिए करीब 26 किमी की दूरी कम हो जाएगी। यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा से पोलगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों की माने, तो करीब 4.5 किमी लंबी सुरंग की खुदाई 3.2 किमी तक पूरी हो गई है। सुरंग के बनने से यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के बीच की दूरी करीब 26 किमी तक कम हो जाएगी। चारधाम महामार्ग परियोजना के तहत वर्ष 2018 में आर्थिक मामलों की मंत्री मंडलीय समिति (सीसीईए) ने यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा पोलगांव सुरंग के निर्माण को मंजूरी दी थी, जिसके बाद वर्ष 2019 में सुरंग का निर्माण शुरू हुआ। सबसे पहले सिलक्यारा की ओर से सुरंग की खोदाई शुरू हुई। बाद में पोल गांव की ओर से भी खुदाई का काम किया गया। वर्तमान समय में सिलक्यारा की ओर से करीब 1987 मीटर और पोलगांव की ओर से 1270 मीटर सुरंग की खोदाई की जा चुकी है, जिसके बाद सुरंग को आरपार करने के लिए करीब 1300 मीटर की दूरी शेष रह गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचडीसीआईएल) के अधिकारियों की मानें तो अगले 13–14 महीनों में सुरंग की खोदाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद सुरंग को फाइनल टच देने में छह से आठ महीने का और समय लग सकता है। 12 मीटर चौड़ी डबल लेन सुरंग में दो भारी वाहन एक साथ गुजर सकते हैं।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला-बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने तंबाकू सेवन न करने को लेकर छात्रों को दिलाई शपथ

क्राइम पेट्रोल संवाददाता




देहरादून। प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायतीराज, संस्कृति, धर्मस्व, ग्रामीण निर्माण, जलागम प्रबंधन मंत्री सतपाल महाराज ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू निषेध दिवस पर गुजराडा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने सहस्त्रधारा रोड स्थित गुजराडा में राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू सेवन न करने और इसके लिए समाज को जागृत करने की शपथ दिलाई। आओ गांव चलें–उत्तराखंड को तंबाकू मुक्त करें कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि हम सभी यह बात जानते हैं कि जीवन के लिए हमें ऑक्सीजन चाहिए। जब हम सिगरेट पीते और तंबाकू का सेवन करते हैं तो कार्बन डाइऑक्साइड को शरीर में भेजते हैं जो कि बहुत ही हानिकारक है इसीलिए सिगरेट के डिब्बे पर भी तंबाकू सेवन न करने की चेतावनी स्पष्ट रूप से लिखी होती है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समाज में चेतना पैदा करनी है कि लोग तंबाकू का सेवन ना करें। अनेक छात्रों ने भी इस अवसर पर धूम्रपान निषेध पर अपने अपने विचार व्यक्त किए और तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पी.एन. सकलानी, डीईओ मध्यमिक सुदर्शन सिंह बिष्ट, पीटी अध्यक्ष रमेश रावत, अरुण सिंह बिष्ट, भारतेंदु पटवाल एवं पी.एस. बिष्ट सहित अनेक छात्र छात्राएं एवं विद्यालय कर्मी मौजूद थे।

# बजट सत्र गैरसैंण में न कराए जाने के निर्णय पर हरीश रावत ने सरकार पर साधा निशाना

क्राइम पेट्रोल संवाददाता



देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बजट सत्र गैरसैंण में न कराने के मामले में सरकार पर सियासी वार किया। रावत ने कहा, बजट सत्र गैरसैंण में न कराना विधानसभा की अवमानना है। विपक्ष को सरकार के खिलाफ विधानसभा की अवहेलना, विशेषाधिकार हनन और निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए।

श्री रावत ने एक बयान में कहा, कांग्रेस सरकार में संकल्प पारित हुआ था कि बजट सत्र हमेशा गैरसैंण में ही होगा। इसके बावजूद वर्तमान सरकार ने बहाने बनाते हुए इसे दून में आयोजित करने का फैसला लिया है, जो निंदनीय है। सरकार ने इसके लिए दस बहाने बनाए हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि जो लोग खुद को राज्य आंदोलन का पुरोधा बताते हैं, वे भी बहाने बनाने में शामिल रहे। सरकार को गैरसैंण में बजट सत्र कराने के साथ आगे बढ़ना चाहिए था। अब शायद ही कभी गैरसैंण में सत्र हो। कहा कि सरकार को प्रदेश में विकास पर फोकस करना चाहिए।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 53358.34 लाख की योजनाओं को अनुमोदन दिया गया

देहरादून, नगर संवाददाता। केंद्र सरकार की योजनाओं को हूबहू तय समय पर पूरा कराए जाने के लिए राज्य सरकार की ओर से लगातार कवायद की जा रही है। शासन स्तर पर भी केंद्र की विकास योजनाओं को तय समय पर पूरा कराए जाने के लिए अधिकारियों को सजगता से कार्य करने पर फोकस करने को कहा गया है। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 53358.34 लाख की योजनाओं को अनुमोदन दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि पीएमकेएसवाई के तहत दी जाने वाली सब्सिडी को बढ़ाया जाना चाहिए, जिस पर समिति द्वारा सब्सिडी को 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किए जाने पर समिति द्वारा सहमति बनी। इसके साथ ही, मुख्य सचिव ने कहा कि योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी को डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों को दिया जाए, जिसे समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि हमें पूरे क्षेत्र को सिंचित करने के बजाय प्लांट को सिंचित करने की ओर फोकस करना होगा। कहा कि इससे पानी की बर्बादी रुकेगी, इसके लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि जल संरक्षण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने सिंचाई हेतु बनाए जाने वाले वाटर टैंक को भी नई तकनीक से बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे इनकी मेंटेनेंस कॉस्ट भी कम होगी और वाटर टैंक्स भी लंबे समय तक प्रयोग किया जा सकेंगे, साथ ही गूल सिस्टम को समाप्त कर पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई को बढ़ावा दिया जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन और सचिव शैलेश बगोली सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## एक सूत्रीय मांग को लेकर क्रमिक अनशन व धरना शुरु किया

देहरादून, नगर संवाददाता। पीड़ित राज्य आंदोलनकारी मंच ने राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन व धरना शहीद स्मारक में शुरू कर दिया है। मंच अध्यक्ष क्रांति कुकरेती ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री से कई बार इस विषय में बातचीत की गई थी और मुख्यमंत्री की पहल पर मन्त्री परिषद ने अंतिम बैठक में राज्यपाल से राजभवन में लंबित एक्ट पर हस्ताक्षर का अनुरोध भी किया। परन्तु अभी भी इस विषय पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए विवश होकर आंदोलनकारी पुनः आंदोलन के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। हल्द्वानी से आये आंदोलनकारी मनोज जोशी ने कहा कि वे मांग पूरी होने तक घर वापसी नहीं करेंगे। धरने पर वीरेंद्र रावत, पंकज रावत, सूर्यकान्त बमराडा, मनोज कुमार, उमेश जोशी, राम किशन, नवनीत गुसाईं अध्यक्ष राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी, अम्बुज शर्मा, शिव प्रसाद, प्रभात डंडरियाल, विनोद असवाल , प्रदीप कुकरेती, दिवाकर उनियाल, प्रभा नैथानी , सुनीता खण्डूड़ी, पुष्पलता सिलमाना आदि बैठे।

## विवि में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ

देहरादून, नगर संवाददाता। उत्तरांचल विश्वविद्यालय में बुधवार कुलाधिपति डा. जितेंद्र जोशी का जन्मदिवस संस्थापक दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान विवि में भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर धर्म बुद्धि और उप कुलपति प्रोफेसर राजेश बहुगुणा ने डा. जोशी को पुष्प गुच्छ देकर की। इसके बाद मनीष गलवान की ओर से संगीत की प्रस्तुति दी गई।

## प्रदेश में संगठन का विस्तार करेगी आम आदमी पार्टी, निगम और निकाय चुनाव में मजबूती के साथ उतरेगी पार्टी

नगर संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रदेश में आगामी संगठन विस्तार को लेकर यह बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली समेत आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया मौजूद रहे। इस दौरान आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने बताया कि पार्टी संगठन विस्तार को लेकर धरातल पर लगातार कार्य कर रही है और संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी लगातार संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी संघर्षों से निकली हुई पार्टी है और आम आदमी पार्टी का संघर्ष लगातार जारी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली ने बैठक में मौजुद तमाम पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द सभी के सहयोग से पार्टी संगठन में बड़ा जुड़ाव होगा जिससे आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन में कई लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट द्वारा लगातार संगठन की बारीकियों को देखते और परखते हुए कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द संगठन का विस्तार किया जाएगा जिसे मीडिया के माध्यम से सभी के संज्ञान में लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी जिस तरीके से 70 की 70 विधानसभा सीटों पर विधानसभा का चुनाव लड़ी ठीक उसी प्रकार नगर निगम और नगर निकाय के चुनाव को आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बड़ी मजबूती के साथ लड़ेगी। इस दौरान आप प्रभारी दिनेश मोहनिया, आप प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत कुमार, शिशुपाल रावत, डिंपल सिंह, प्रवीण बंसल और मीडिया प्रभारी अमित जोशी मौजुद रहे।

# तीर्थयात्रियों के लिए हरिद्वार में पंजीकरण केंद्र शुरू




हरिद्वार, नगर संवाददाता। चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को पंजीकरण को लेकर किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग ने हरिद्वार में नया पंजीकरण केंद्र स्थापित किया है। बुधवार को हरिद्वार के पंतद्वीप पार्किंग में खोले गए तीन कांउटरों पर यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराना भी शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व टूर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त पंजीकरण केंद्र खोले जाने को लेकर सचिव पर्यटन से अनुरोध किया था। जिस पर सचिव पर्यटन द्वारा सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई थी। सचिव पर्यटन के निर्देश पर पीसीएस अधिकारी श्री अरविंद पांडेय द्वारा हरिद्वार पहुंचकर पंजीकरण केंद्र की स्थापना करवाई गई। केंद्र में फिलहाल 03 काउंटर लगाए गए हैं। इसके पश्चात उन्होंने ऋषिकेश आईएसबीटी स्थित पंजीकरण केंद्र का भी मौका निरीक्षण किया। हरिद्वार में स्थापित नए पंजीकरण केंद्र से चारधाम यात्रा हेतु अतिरिक्त कोटे से तत्काल पंजीकरण किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि पहले ही दिन हरिद्वार के कांउटर से यात्रियों ने पंजीकरण कराना शुरु कर दिया। नए पंजीकरण केंद्र के कारण ऋषिकेश में तीर्थयात्रियों की भीड़ को भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

## तापमान बढ़ने से वनाग्नि की घटनाएं फिर बढ़ने लगी हैं

उत्तरकाशी, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। तापमान के साथ वनाग्नि की घटनाएं फिर बढ़ने लगी हैं। बुधवार को वरुणावत पर्वत पर जंगल की आग भड़क उठी। देखते ही देखते जंगल का बड़ा क्षेत्र आग की चपेट में आ गया। दिनभर जंगल से धुएं के गुबार उठते रहे। मई माह में अच्छी बारिश से वनाग्नि की घटनाएं थम गईं थी। बारिश बंद होने के बाद तापमान में बढ़ोतरी से जंगलों पर फिर खतरा मंडराने लगा है।

## गनर से मारपीट मामले में टोल प्लाजा के चार कर्मचारी हिरासत में



gfj}kj] Økbe i\Vªy laoknnkrkA हरिद्वार में झबरेड़ा से हरिद्वार हरकी पैड़ी पर अस्थियां विसर्जन करने जा रहे एक विधायक के गनर व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर टोल प्लाजा कर्मियों ने जमकर मारपीट की। बताया गया है कि गनर ने टोल प्लाजा के कर्मियों को कार्ड भी दिखाया लेकिन टोल प्लाजा के कर्मी नहीं माने, जिसके बाद कहासुनी हुई। मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टोल प्लाजा के चार कर्मियों को हिरासत में लिया है। मारपीट का वीडियो सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक बहादराबाद टोल प्लाजा कर्मचारियों व विधायक के गनर का टोल को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की कर्मचारियों ने लाठी डंडों से हमला शुरू कर दिया जिसमें गनर के सिर में चोट आई। बताया जा रहा है कि गनर अपने परिचितों के साथ अपने एक रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित करने के लिए हरिद्वार आ रहा था। जैसे ही वह बहादराबाद टोल प्लाजा पर पहुंचे, तो उसने टोल प्लाजा कर्मियों को उत्तराखंड पुलिस का सिपाही बताते हुए बैरियर हटाने की मांग की। लेकिन टोल प्लाजा कर्मियों ने बात ना मानते हुए अभद्रता कर डाली। अभद्रता करने पर सिपाही कार से नीचे उतर आया जिसके बाद टोल प्लाजा कर्मी एकत्र हो गए और लाठी–डंडों से सिपाही व उसके साथ मौजूद अन्य लोगों के साथ मारपीट कर डाली। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। बहादराबाद पुलिस ने बताया कि चार टोल प्लाजा कर्मियों को पकड़ कर थाने लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मोदी सरकार ने जनता को समर्पित किए अपने कार्य व व्यवहार से उपलब्धि भरे आठ वर्ष

नगर संवाददाता

देहरादून। भाजपा की केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जन कल्याण के 8 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि को जन जन तक पहुँचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में पूरे पखवाड़े भर के कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा मुख्यालय आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने का जो महत्वपूर्ण कार्य किया वह अपने आप में महत्वपूर्ण है। मोदी सरकार ने अपने कार्य और व्यवहार से अपने उपलब्धि भरे आठ वर्ष जनता को समर्पित किए हैं। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद से उपर उठकर काम कर रही है। आंकड़े देते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि केवल कोरोना काल को देखा जाए तो जहां पूरी दुनिया हमारे वैज्ञानिकों को बधाई दे रही थी वहीं हमारे कुछ राजनीतिक दल वैज्ञानिकों के दल पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे थे। हम परिवारवाद से उपर उठकर काम कर रहे हैं, इसका कारण किसान, मजदूर, महिला तथा सभी वर्गों के लोग हैं जिनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनी है और उन तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हम देश के किसानों को जो हमारा अन्नदाता है छह हजार रूपये प्रतिवर्ष दे रहे हैं। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य की दृष्टि से आयुष्मान योजना लागू की गई है। उत्तराखंड में यह योजना शत प्रतिशत है लेकिन देश में तीन करोड़ से अधिक लोग आयुष्मान योजना का लाभ उठा चुके हैं। श्री कौशिक ने कहा कि हमारे लिए हमारे तीर्थ महत्वपूर्ण है। चाहे अयोध्या हो, काशी हो या केदारनाथ। तीर्थ क्षेत्रों का उत्थान हमारी पहचान है। केवल तीर्थ क्षेत्र ही नहीं 70 हजार स्टार्टअप के माध्यम से हमने लोगों को उन्नत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आग्रह पर लाखों लोगों ने गैस की सब्सिडी छोड़ दी जिसका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर घर बिजली, घर–घर नल, नल में



जल जैसी योजनाएं चलाकर लोगों के जीवन स्तर उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल आठ लाख से ज्यादा घरों को पहुंचा है। यह अपने आप में किसी उपलब्धि से कम नहीं है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवभूमि आगमन पर कहा था कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा। उनके यह विचार सत्य साबित हो रहे हैं। इसका उदाहरण देते हुए मदन कौशिक ने कहा कि अकेले वर्तमान यात्रा सीजन में अब तक पूर्व अवधि के यात्रियों के रिकार्ड टूटे हैं। लोग जिस ढंग से उत्तराखंड आ रहे हैं वह प्रधानमंत्री की दूरगामी दृष्टि का परिणाम है। श्री कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पुनः दो तिहाई बहुमत की सरकार प्रदेश में सता में चर्चा हुए कहा कि आज पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व आई है। यह भाजपा सरकारों के सेवा सुशासन ओंर जनकल्याण के लिए किए कार्यों का परिणाम है। राज्य निर्माण के बाद यह पहली बार हुवा है। इससे पूर्व उत्तराखण्ड में सरकारें दुबारा नहीं लौटी है। उन्होंने केन्द्र सरकार के आठ वर्षों के अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि हम लगातार पहले ही वर्ष से जनसेवा को समर्पित रहे हैं। आठ वर्ष पूरे होने पर विशेष आयोजन चल रहा है। इस समय हमारा जनसम्पर्क अभियान चल रहा है। सभी जन प्रतिनिधि इस अभियान में अपनी–अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने किसानों, महिलाओं तथा समाज के सभी वर्गों की चर्चा करते हुए कहा कि हर वर्ग के कल्याण के लिए भारतीय जनता पार्टी कृतसंकल्प है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने केन्द्र सरकार की योजनाओं का आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से आम जनता को समुन्नत बनाने का महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। किसानों के 12 करोड़ खातों में छह हजार रुपये प्रतिवर्ष भेजना 9 करोड़ से अधिक माताओं को रसोई गैस देना। यह योजनाएं युगान्तरकारी है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, सुरेश भट्ट, मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, संजीव वर्मा उपस्थित थे।

# दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय नवसंकल्प घोषणा क्रियान्वयन कार्यशाला में कांग्रेसी नेताओं ने लिया पार्टी की मजबूती पर कार्य करने पर फोकस

नगर संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस पार्टी द्वारा उदयपुर राजस्थान में आयोजित 3 दिवसीय नव संकल्प शिविर के सफल आयोजन के उपरान्त लिये गये निर्णय के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर नव संकल्प घोषणा के क्रियान्वयन पर चर्चा एवं योजना बनाने हेतु 1 एवं 2 जून को राजधानी देहरादून में जीएमएस रोड स्थित चॉद वालिया गार्डन में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय नव संकल्प घोषणा क्रियान्वयन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसी कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन पार्टी के प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी सहित पार्टी के सांसद, पूर्व सांसद विधायक, पूर्व विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ नेताओं ने प्रतिभाग किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पारिवारिक समारोह के कारण कार्यशाला में प्रतिभाग नहीं कर पाये। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को पत्र द्वारा अवगत कराया कि 1 से 3 जून तक उनके पैतृक गांव में प्रत्येक वर्ष पारिवारिक आयोजन किया जाता है जिसमें उनका पूरा परिवार एकत्रित होता है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने बताया कि कार्यशाला में राजस्थान के उदयपुर में विगत दिनों आयोजित कांग्रेस पार्टी के 3 दिवसीय नव संकल्प शिविर में लिये गये निर्णयों एवं घोषणाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तथा कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने किया। राजीव महर्षि ने बताया कि कार्यशाला में सभी कांग्रेसजनों ने एक आवाज में फिरका परस्ती ताकतों द्वारा समाज को बांटने की चेष्टा का पुरजोर विरोध किया। कांग्रेस ने कहा कि आज ये ताकतें समाज को बांटने का काम कर रही हैं तथा एक बार देश को फिर तोडने की ओर ले जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी चुनाव हारी है परन्तु हमारे कार्यकर्ता हिम्मत नहीं हारे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मत प्रतिशत पिछले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के विपरीत 3 प्रतिशत बढा है जो यह दर्शाता है कि जनता के बीच में कांग्रेस पार्टी की लोकप्रियता कम नहीं हुई है बल्कि बढ़ी है। कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की मजबूती के लिए कार्य करेगी तथा वरिष्ठ नेता बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से कंधे से कंधा मिला कर चलेंगे। पार्टी संगठन न्याय पंचायत स्तर से पुर्नगठित किया जायेगा। संगठन में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढाया जायेगा तथा कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जायेगा तथा कार्यकर्ता को हताश और निराश नहीं होने दिया जायेगा।

राजीव महर्षि ने यह भी बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों के तहत दिनांक 11 से 14 जून 2022 के मध्य प्रत्येक जनपद में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में दिनांक 9 अगस्त से चलाई जाने वाली पद यात्रा के तहत उत्तराखण्ड में भी 75 कि.मी. लम्बी पदयात्रा का निकाली जायेगी यात्रा का समापन भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के समापन के अवसर पर 15 अगस्त 2022 को प्रदेश मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम के आयोजन के साथ किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 2 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती के अवसर पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक शुरू होने वाली ''भारत जोडो यात्रा'' में पार्टी के सभी पदाधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे। कार्यशाला में कांग्रेसजनों ने कहा कि कांग्रेस शासन में जनहित मे महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार जैसे बडे कानून बनाये गये जिन्हें आज सत्ता में बैठे लोग अपनी उपलब्धि बता कर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। कार्यशाला में सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्दसिंह कुंजवाल, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, दिनेश अग्रवाल, नवप्रभात, रणजीत सिह रावत, महेन्द्र सिंह पाल, विधायक मदन बिष्ट, विक्रम सिंह नेगी, आदेश चौहान, गोपाल राणा, विरेन्द्र जाति, रवि बहादुर, अनुपमा रावत, सुमित हृदयेश, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष आर्येन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री विजय सारस्वत, प्रदेश महामंत्री मथुरादत्त जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि, अजय सिंह, राजेन्द्र शाह, पूर्व विधायक डा0 जीतराम, शैलेन्द्र रावत, संजीव आर्य, विजयपाल सजवाण, मनोज रावत, ललित फर्स्वाण, ओम गोपाल रावत, राजपाल बिष्ट, सरोजनी कैन्तूरा, महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला, नरेन्द्र बिन्द्रा, राजकुमार, संजय पालीवाल, प्रदीप थपलियाल, महेन्द्र राणा, मुकेश नेगी, गौरव सिंह, जयेन्द्र रमोला, नवतेजपाल, यशपाल राणा, समेत अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

# गुलज़ार अहमद गनी खान ने कुशल वादकों के दल के साथ एक अद्भुत प्रस्तुति दी



नगर संवाददाता

देहरादून। स्पिक मैके के सांस्कृतिक उत्सव 'अनुभव' के चौथे संस्करण की शुरुआत प्रशंसित लोक गायक जनाब गुलजार अहमद गनी खान द्वारा कश्मीरी लोक गायन के साथ हुई। गुलज़ार अहमद गनी खान ने कुशल वादकों के दल के साथ एक अद्भुत प्रस्तुति दी, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। शेड्यूल के साथ आगे बढ़ते हुए, ओटुन थुल्लाल के प्रसिद्ध नाट्य कलाकार मोहना कृष्णन द्वारा एक विचारोत्तेजक प्रस्तुति देखने को मिली, जिसने दर्शकों को समाज का एक विशद प्रतिबिंब प्रदान किया। प्रतिभागियों को आसाम की संस्कृति के सार का अनुभव कराते हुए, अनुभवी सत्त्रिया नर्तक गणकांत बोरा ने एक शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को अपनी अनिवार्य रूप से उत्कृष्ट अभिव्यक्तियों के साथ मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतिम प्रस्तुति सरोद वादक पंडित तेजेंद्र नारायण मजूमदार द्वारा दी गयी, जिन्होंने अपनी कला से मौजूद सभी का दिल जीत लिया।

फेस्ट के दौरान कई महान गुरुओं द्वारा 3 घंटे की गहन कार्यशालाओं का ऑनलाइन संचालन किया गया, जिनमें रवींद्र बेहरा (पट्टचित्र पेंटिंग), पदम श्री पुरस्कार विजेता वसीफुद्दीन डागर (ध्रुपद), मोदुमुदी सुधाकर (कर्नाटिक वोकल), पदम भूषण पुरस्कार विजेता सरोजा वैद्यनाथन (भरतनाट्यम), कलामंडलम अमलजीत (कथकली), मनोज कुमार चौधरी (मधुबनी), राजेंद्र गंगानी (कथक), रंजीत गोगोई (बिहू नृत्य), स्नेह गंगाल (लघु चित्रकला), ओंकार दादरकर (हिंदुस्तानी गायन), कविता द्विबेदी (ओडिसी), हरीश तिवारी (हिंदुस्तानी वोकल), सुभोमोय भट्टाचार्य (हिंदुस्तानी वोकल), डी वनाजा (चेरियाल पेंटिंग), सुरंजना बोस (हिंदुस्तानी वोकल), भोलानाथ मिश्रा (हिंदुस्तानी वोकल), वामन नंबूथिरी (कर्नाटिक वोकल), गाजी खान (राजस्थानी मंगनियार लोक संगीत), कुमार मर्दूर (हिंदुस्तानी वोकल), डी. नागेश्वर (चेरियाल पेंटिंग), के आर बाबू (मुरल पेंटिंग) (एसए), गीतांजलि लाल (कथक), मन्नू यादव ( बिरहा लोक संगीत), श्रीनिवास संस्थान (यक्षगान) और वामनन नंबूथिरी (कर्नाटक वोकल) शामिल रहे। अनुभव 4.0 का आयोजन प्रतिभागियों को उनके संबंधित क्षेत्रों के उस्तादों और किंवदंतियों के साथ उनकी रुचि के कला रूपों में गहराई से जानने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करने के लिए किया गया था। विभिन्न कला रूपों में यह कार्यशालाएं 5 जून तक प्रतिदिन आयोजित करी जाएँगी। देश भर में 7 स्थानों पर 35 से अधिक कार्यशालाओं का भौतिक रूप से संचालन किया जा रहा है। सांस्कृतिक उत्सव का समापन 5 जून को होगा।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



टिहरी, नगर संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल के तत्वाधान में हिलट्रोन भवन बंसत विहार नई टिहरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए सिविल जज सी.डि./सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल ममता पन्त ने बताया कि शिविर का आयोजन उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उच्च न्यायालय नैनीताल के द्वारा जारी प्लॉन ऑफ एक्शन माह मई 2022 के निर्देशों के अनुपालन में किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए सिविल जज सी. डि./सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल ममता पन्त द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने तथा लैंगिग समानता विशेषकर, महिलाओं को कानूनी/विधिक अधिकार पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव ने उपस्थित युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सम्बन्धी विस्तृत जानकारी देते युवाओं को इस योजना से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होने छात्र–छात्राओं को उद्यमिता के भाव को जागृत करने एवं कार्य क्षेत्र में समर्पण के साथ आगे बढ़ने के टिप्स भी दिये। इस अवसर पर डिस्टिक रिसोर्स पर्सन सीमा शर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## माउंट एवरेस्ट के बाद माउंट मकालू पर सफल आरोहण कर नेशनल रिकॉर्ड बनाया सविता कंसवाल ने



उत्तरकाशी, नगर संवाददाता। उत्तरकाशी के लोंथरु गांव निवासी पर्वतारोही सविता कंसवाल ने माउंट एवरेस्ट के बाद 15 दिन के अंदर माउंट मकालू पर सफल आरोहण कर नेशनल रिकॉर्ड बनाया है। उनकी सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है। सविता कंसवाल ने 12 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848.86 मीटर) पर तिरंगा फहराया था। उनके कदम यहीं नहीं रुके। इसके बाद उन्होंने माउंट मकालू (8463 मीटर) पर आरोहण किया। 15 दिन के अंदर दोनों पर्वतों पर आरोहण कर उन्होंने नया नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम किया। चार बहनों में सबसे छोटी सविता (25) का जीवन संघर्षपूर्ण रहा है। सरकारी स्कूल से पढ़ीं सविता ने 2013 में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) उत्तरकाशी से पर्वतारोहण का बेसिक कोर्स किया। सविता ने एडवांस और सर्च एंड रेस्क्यू कोर्स के साथ पर्वतारोहण प्रशिक्षक का कोर्स भी किया। सविता नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की एक कुशल प्रशिक्षक भी हैं। सविता की सफलता पर निम के प्रधानाचार्य कर्नल अमित बिष्ट, पर्वतारोही विष्णु सेमवाल, माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जयेंद्र राणा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा, अजय पुरी, शैलेंद्र नौटियाल, माधव जोशी आदि ने खुशी जताई है।

# रिलायंस ने भारत के खिलौना बाजार पर अपनी पकड़ और मजबूत की

देहरादून, नगर संवाददाता। रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल), ईटली की "प्लास्टिक लेग्नो एसपीए" के भारतीय खिलौना निर्माण व्यवसाय में 40 प्रतिशतहिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। इसके लिए दोनों कंपनियों की ओर से एक संयुक्त उद्यम व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए। रिलायंस ब्रांड्स का यह निवेश कंपनी के खिलौना व्यवसाय को और मजबूती देगा। आरबीएल, रिलायंस रिटेल वेंचर्स के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। आरबीएल की खिलौना उद्योग में मजबूत पैठ है। उसके पोर्टफोलियो में हैमलीज और घरेलू खिलौना ब्रांड – रोवन शामिल हैं। हैमलीज के पास वर्तमान में 15 देशों में 213 स्टोर्स हैं। भारत में यह खिलौनों के स्टोर्स की सबसे बड़ी चेन है। रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि यह प्रधान मंत्री के आत्मानिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। विश्व स्तरीय खिलौना निर्माण में प्लास्टिक लेग्नो को गहरे अनुभव के साथ, वैश्विक खिलौना खुदरा उद्योग में हमारे मजबूत पैर जमाने से भारत में निर्मित खिलौनों के लिए नए दरवाजे और अद्वितीय अवसर खुलेंगे।

## संपादकीय..............

## पार्टी विरोधी गतिविधियों की 'सजा'

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने पूर्व प्रदेश सचिव महेश जोशी को पार्टी संगठन एवं वरिष्ठ नेताओं के विरूद्ध सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार की जा रही अनर्गल बयानबाजी के कारण कांग्रेस पार्टी से तत्काल प्रभाव से छः साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने महेश जोशी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से की गई जालसाजी एवं अनर्गल बयानबाजी का स्वतः संज्ञान लेते हुए उन्हें पार्टी से छः वर्ष के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने कहा कि महेश जोशी प्रदेश प्रभारी एवं पार्टी नेतृत्व के विरूद्ध सोशल मीडिया में सार्वजनिक रूप से की गई अनर्गल बयानबाजी को गम्भीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि महेश जोशी सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार अनर्गल बयानबाजी करते आ रहे हैं जिसे प्रदेश जिसका संज्ञान लेते हुए कांग्रेस संविधान की धारा 19 (च) (4) के अन्तर्गत उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। विजय सारस्वत ने यह भी बताया कि महेश जोशी द्वारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नाम से पोस्ट की गई सोशल मीडिया के सम्बन्ध में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा द्वारा प्रीतम सिंह से दूरभाष पर वार्ता की गई जिसमें उन्होंने असहमति जताते हुए इसे महेश जोशी का व्यक्तिगत बयान बताया। विजय सारस्वत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी महेश जोशी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी तथा सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह के नाम का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ साइबर एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई भी करेगी। विजय सारस्वत ने कहा कि पार्टी में ऐसी अनुशासनहीनता को कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा तथा चाहे कोई कितना भी बड़ा कार्यकर्ता क्यों न हो यदि वह पार्टी संगठन अथवा वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ किसी प्रकार की बयानबाजी करते है तो उसके खिलाफ पार्टी अनुशासन के तहत कडी कार्रवाई की जायेगी।

# जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की त्रैमास बैठक आयोजित

नगर संवाददाता

टिहरी। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल इवा आशीष श्रीवास्तव के दिशा–निर्देशन में आज विकास भवन सभागार नई टिहरी में मुख्य विकास अधिकारी नमामि बंसल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की त्रैमास बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय समायोजन योजना, वार्षिक ऋण योजना, ऋण जमा अनुपात, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन, स्पेशल कम्पोनेंट प्लान, पीएम स्वनिधि, वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, ऋण वसूली, किसानों की आय 2022 तक दुगुनी का लक्ष्य आदि योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा की गयी प्रगति एवं अन्य विषयों पर चर्चा/समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स एवं रेखीय विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के विकास हेतु सभी योजनाओं के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों को फोकस कर आपसी समन्वय एवं सामंजस्य के साथ कार्य करें। लक्ष्यों को हासिल करने तथा सीडी रेश्यों को बढ़ाने हेतु प्रोजेक्ट बढ़ाये तथा किसी भी प्रकार की समस्या का समयान्तर्गत निस्तारण कर लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंकर्स को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के तहत बैंकों को प्रेषित किये गये आवेदनों में से निरस्त किये गये प्रकरणों के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायें, की किस कारण से वह निरस्त किये गये हैं। वित्तीय समायोजन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बैंक जिलें में कार्यरत सभी बीसी/सीएसपी (ग्राहक सेवा केन्द्र) को एक्टिव रखें ताकि आमजन को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिल सके। साथ ही सभी बैंकों की ग्रामीण शाखाएं प्रति माह एक एफएलसी (फाइनेंशल लिटरेसी कैम्प) का आयोजन अनिवार्य रूप से करें। वार्षिक ऋण योजना के तहत मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि क्रॉप लोन एवं टर्म लोन हेतु किसान मेलों में किसानों को जागरूक करें तथा ब्लॉक स्तर पर भी कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित करें और अच्छे प्रस्ताव बैंकों को उपलब्ध करायें।


फाइल फोटो।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अति सूक्ष्म(नैनो) की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने महाप्रबन्धक डीआईसी को निर्देशित किया कि वर्ष 2022–23 के लक्ष्यों को हांसिल करने के लिए अभी से योजना बनायें और कैम्प लगाकर योजनाओं का वृहद् स्तर पर प्रचार–प्रसार करायें।

## कांग्रेस नेता धीरेंद्र प्रताप ने पैंथर पार्टी के अध्यक्ष भीम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

देहरादून, नगर संवाददाता। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष व वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने पैंथर पार्टी के अध्यक्ष एवं कश्मीर के पूर्व सांसद व विधायक क्रांतिकारी नेता भीम सिंह के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। धीरेंद्र प्रताप ने स्वर्गीय भीम सिंह को अंतरराष्ट्रीय ख्याति का नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने आजीवन जम्मू कश्मीर के विकास के लिए और वहां पर शांति बहाली के लिए लंबा संघर्ष किया। वे सदैव सिद्धांतों पर अडिग रहे और सत्ता के लिए उन्होंने कोई स्वार्थवश समझौता नहीं किया । प्रताप ने कहा कि न केवल वे उच्च कोटि के राजनेता थे बल्कि एक जाने–माने अधिवक्ता, पत्रकार व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीति में उनकी अपनी पकड़ थी । धीरेंद्र प्रताप ने उन्हें बहुत ही कुशल नेता बताते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने कई बार उन को निशाना बनाने की कोशिश की परंतु उन्होंने कभी भी जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के साथ समझौता नहीं किया। धीरेंद्र प्रताप ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की उनके निधन से देश ने एक सच्चा राष्ट्रवादी नेता खो दिया है। जिसे जम्मू कश्मीर की आम जनता का स्नेह व सम्मानहासिल था और जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता को सदैव अपने जीवन का प्राथमिक संकल्प एवं लक्ष्य रखा।

## 15 अगस्त तक पात्र किसानों को जारी किए जाएं क्रेडिट कार्ड

नगर संवाददाता

टिहरी। मुख्य विकास अधिकारी नमामि बंसल ने ग्रामीण अवस्थापना तथा स्वयं सहायता समूहों का बैंक लिंकेज के तहत सभी बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि एनआरएलएम के सभी आवेदनों को सेंक्शन करें। कृषि ऋणों की प्रगति पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान निधि के तहत सभी पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड 15 अगस्त, 2022 तक जारी करने के निर्देश दिये। कृषि विभाग को निर्देशित किया कि जिन किसानों को केसीसी जारी नहीं किये जा सके हैं, उनकी सूची बैंक वार जिला अग्रणी प्रबन्धक को उपलब्ध करावा दें। ऋण वसूली संबंधित समस्याओं पर चर्चा करते हुए लम्बित वसूली प्रमाण पत्रों में तेजी लाने हेतु सभी बैंक शाखाओं को अपनी तहसील में जाकर लम्बित वसूली प्रमाण पत्रों का मिलान कर वास्तविक स्थिति की सूची तहसील वाइज जिला अग्रणी प्रबन्धक कार्यालय को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गये।

अग्रणी बैंक प्रबन्धक कपिल मरवाहा ने बताया कि त्रैमास मार्च 2022 में जिला सहकारी बैंक द्वारा 100, उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक द्वारा 18, पीएनबी द्वारा 32, एसबीआई द्वारा 26 एफएलसी कैम्पों का आयोजन किया गया, जिसमें 1240 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बताया कि वार्षिक ऋण योजना के तहत वर्ष 2021–22 हेतु जारी किये गये नाबार्ड के पोटेंशियल लिंक्ट प्लान पर आधारित वार्षिक ऋण योजना के लिए कुल लक्ष्य राशि रूपये 668.99 करोड़ के सापेक्ष रू. 361.94 करोड़ की प्रगति हुई। बताया कि जनपद का ऋण जमा अनुपात मार्च, 2022 को 29.21 प्रतिशत रहा, जो कि मार्च, 2021 के सापेक्ष 1.29 प्रतिशत अधिक रहा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी बैंक एजेंडानुसार 06 से 12 जून, 202 तक विशेष अभियान चलाकर बैंकिंग लेन–देन में आ रही चुनौतियों/कठिनाईओ के बारे में जानकारी दें तथा एटीएम/फोन पर होने वाली धोखाधड़ी के बारे में जागरूक करें। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत बैंकों की प्रगति रिपोर्ट से भी अवगत कराया। उन्होंने सभी बैंकों को अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कर सीडी रेश्यों में प्रगति लाने को कहा।



# मोर्चा की बड़ी जीत, पॉलिटेक्निक कॉलेजों में कोटीकरण की पुरानी व्यवस्था हुई लागू

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेजों एवं प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के कार्मिकों के वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत निर्धारित सुगम- दुर्गम क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण को लेकर 'सबसे पहले मोर्चा द्वारा लड़ाई लड़ी गई थी तथा इस मामले को मोर्चा द्वारा शासन के समक्ष दिए रखा गया था, जिस के क्रम में निदेशक प्राविधिक शिक्षा द्वारा पूर्व की स्थिति (वर्ष 2018) के आधार पर दुर्गम दर्शाए गए कॉलेजों को सुगम तथा सुगम दर्शाए गए कॉलेजों को दुर्गम मे तब्दील कर दिया गया, जोकि



मोर्चा की बहुत बड़ी जीत है। यहां आयोजित एक पत्रकार वार्ता में नेगी ने कहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेजों एवं प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के कार्मिकों के कोटिकरण में अव्यवहारिक परिवर्तन किया गया था, जो किसी भी दृष्टि से व्यवहारिक नहीं था। जनपद पौड़ी को (नगर पालिका कोटद्वार एवं भाबर क्षेत्र को छोड़कर) दुर्गम क्षेत्र दर्शाया गया था, जबकि श्रीनगर (पौड़ी) में मेडिकल कॉलेज, एनआईटी, सेंटर यूनिवर्सिटी एवं पॉलिटेक्निक निदेशालय नेशनल हाईवे पर स्थित हैं तथा पौड़ी में गढ़वाल कमिश्नरी एवं इंजीनियरिंग कॉलेज है, लेकिन इसको दुर्गम दर्शाया गया था। इसी प्रकार जनपद नैनीताल में उच्च न्यायालय, कुमाऊं कमिश्नरी, कुमाऊं यूनिवर्सिटी आदि विद्यमान हैं, लेकिन इनको भी दुर्गम दर्शाया गया था। जनपद अल्मोड़ा में मेडिकल कॉलेज व जिला मुख्यालय स्थित है, लेकिन इसको भी दुर्गम दर्शाया गया और इसी कड़ी में जनपद टिहरी मुख्यालय को दुर्गम एवं नरेंद्रनगर टिहरी, जहां पर पांच सितारा होटल मौजूद है, उसको दुर्गम दर्शाया गया था। नेगी ने कहा कि इस प्रकार के अव्यवहारिक निर्धारण से सिफारिश विहीन कार्मिक का शोषण हो रहा था। पत्रकार वार्ता में-विजय राम शर्मा एवं सत्येंद्र सिंह रावत मौजूद थे।

## स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की

टिहरी, नगर संवाददाता। टिहरी-घनसाली मोटर मार्ग पर नवनिर्मित असेना मोटर पुल को जोड़ने वाली सड़क का डामर 10 दिन में ही उखड़ गया। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। वर्ष 2013 की आपदा में नई टिहरी-घनसाली मार्ग पर असेना गदेरे में बना मोटर पुल बह गया था। छोटे वाहनों के आवागमन के लिए वहां बैली ब्रिज का निर्माण किया था। भारी वाहनों को गदेरे की परिधि वाले क्षेत्र में घूमकर आना पड़ता था। बारिश में असेना गदेरे का जलस्तर बढ़ने से वाहनों के आवागमन में दिक्कतें होती थी। स्थानीय लोगों की मांग पर सरकार ने अक्तूबर 2020 में विश्व बैंक परियोजना यूडीआरएफ (उत्तराखंड डिजास्टर रिलीफ फंड) खंड को कार्यदायी संस्था बनाकर छह करोड़ 63 लाख की लागत से पुल निर्माण को मंजूरी दी। पुल को दोनों तरफ से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण किया गया। बीते 19 मई को क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह ने पुल का लोकार्पण किया, लेकिन लोकार्पण के 10 दिनों के भीतर ही पुल को जोड़ने वाली सड़क का डामर ही उखड़ गया। इससे गुस्साए लोगों ने विधायक और डीएम से मामले की जांच की मांग की है। इस बाबत विश्व बैंक यूडीआरएफ के सहायक अभियंता सौरभ चौहान ने बताया कि जिस दिन पुल का लोकार्पण हुआ था, उस दिन बारिश हो गई थी। जिससे पेंटिंग उखड़ गई। फिलहाल ठेकेदार का भुगतान रोका गया है। एक-दो दिन में दोबारा पेंटिंग कराई जाएगी। अन्य सभी कार्य ठीक हैं।

## सीएस डा. एसएस संधु ने केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की

देहरादून, नगर संवाददाता। केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों पर शासन स्तर से नजर रखी जा रही है। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों एवं बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने केदारनाथ में चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण सामग्री और ट्रांसपोर्टेशन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कार्यों को निर्धारित समय सीमा पर पूर्ण करने हेतु श्रमिकों को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेबर को रहने खाने की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए, साथ ही उनके बिलों का समय से भुगतान किया जाए। उन्होंने मैटेरियल की आपूर्ति एवं स्टोरेज की उचित व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर एवं अरविंद सिंह ह्यांकी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रकृति प्रेमी स्व. विश्वेश्वर दत्त सकलानी को किया नमन

देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सेवी तथा प्रकृति प्रेमी स्व. विश्वेश्वर दत्त सकलानी का उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। मुख्यमंत्री ने वृक्ष मित्र के रूप में प्रसिद्ध रहे स्व. विश्वेश्वर दत्त सकलानी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने निस्काम भाव से वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति को संरक्षित करने का कार्य किया। वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके द्वारा दिखाई गयी राह हमें प्रेरणा देती रहेगी।

## राष्ट्रीय जनजाति नृत्य महोत्सव- 2022 में उत्तराखण्ड को मिला प्रथम पुरस्कार



देहरादून, नगर संवाददाता। भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में उत्तराखंड को प्रथम पुरस्कार दिलवाने वाले जौनसारी सांस्कृतिक दल ने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया है। भुवनेश्वर, उड़ीसा में 19 से 21 मई तक आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में उत्तराखंड को प्रथम पुरस्कार दिलवाने वाले जौनसारी सांस्कृतिक दल के नायक कुन्दन सिंह चौहान ने साथी कलाकारों के साथ बुद्धवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज से सुभाष रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय पर भेंट कर उनका आभार जताया। इस मौके पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भुवनेश्वर, उड़ीसा में राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में देश के 24 राज्यों के 650 कलाकारों ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि उन्हें खुशी है कि उत्तराखंड के सांस्कृतिक कलाकारों ने भी इसमें प्रतिभाग कर जौनसारी नृत्य की शानदार प्रस्तुति के माध्यम से प्रदेश को प्रथम पुरस्कार दिलवाया जो कि हमारे लिए गर्व की बात है। जनजातीय नृत्य महोत्सव-2022 के आयोजन में जौनसारी हाथी नृत्य, हिरन नृत्य, ठोऊडा, हारूल-तांदेय, झैंता एवं रासो नृत्य के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुती के साथ-साथ प्रदेश को प्रथम पुरस्कार दिलवाने के लिए संस्कृति मंत्री ने टीम लीडर कुंदन सिंह चौहान और उनके दल में शामिल अरविंद राणा, नरेश शाह, राजेश चौहान, गजेंद्र चौहान, शालू नेगी, अंकिता वर्मा, धर्म सिंह चौहान, टीकम सिंह, अर्जुन, सचिन, रागिया भारती, कांसिया वर्मा, रोहित मोड़का, अनूप चांगटा, सपना, मनीषा, ईशा वर्मा, मोनिका, अनुज और नितेश को शुभकामनाएं देते अपेक्षा की कि आगे भी वह इसी प्रकार से उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने का काम करते रहेंगे।





livecrimepatrol@gmail.com
क्राइम पेट्रोल
गुरुवार 02 जून 2022, देहरादून।



# चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं में सुधार की गुंजाइश, सीएम ने कहा मानिटरिंग करें अधिकारी

नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तराखण्ड के विद्युत लोकपाल सुभाष कुमार, मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द वर्द्धन, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगोली, आर मीनाक्षी सुन्दरम सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को असुविधा या परेशानी का सामना न करना पड़े। पंजीकरण की व्यवस्था में जरूरत होने पर और सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए गम्भीरता से प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। यह देखा जाए कि किन किन सेक्टर से वित्तीय संसाधन जुटाए जा सकते हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में जलविद्युत् संसाधन महत्वपूर्ण है। सोलर सेक्टर पर भी फोकस किया जाए। बिजली में लाईन एंड लॉस भी कम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड के लिये बहुत सी महत्वपूर्ण विकास योजनाएं स्वीकृत हुई हैं और इन पर तेजी से काम भी हुआ है। केंद्रीय योजनाओं के संबंध में केंद्रीय अधिकारियों से समन्वय को और बेहतर बनाया जाए। इनमें राज्य स्तर से कोई विलम्ब नहीं होना चाहिए। देहरादून, पंतनगर व पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के विस्तार के लिए औपचारिकताओं को तेजी से पूरा किया जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में मार्गों के सुधारीकरण के साथ ही पार्किंग व्यवस्था में भी सुधार किये जाने की आवश्यकता है। नये पार्किंग स्थलों का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सड़क मार्गों का सुधारीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाए। मायावती आश्रम, पाताल भुवनेश्वर, हिंगला देवी आदि पौराणिक स्थलों के सम्पर्क मार्गो का सुधार प्राथमिकता से किया जाए। अलकनंदा होटल के प्रबंधन को बेहतर बनाने की कार्य योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा की सीएम सचिवालय में फाइलों के निस्तारण के लिये समय सीमा निर्धारित की जाए और उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जमरानी बांध, राष्ट्रीय राजमार्गों व प्रदेश में कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था के लिये पेट्रोलिंग को बढ़ाने और मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश दिये। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार और प्रसार किया जाए।



# छात्र छात्राओं को तम्बाकू सेवन न करने की सामूहिक शपथ दिलाई

नगर संवाददाता

देहरादून। धर्मानन्द उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर डॉ संजय सिंह ने सभी शैक्षणिक, शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राओं को तम्बाकू सेवन न करने की सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर धूम्रपान एवं मादक पदार्थ निषेध समिति के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति की संयोजिका डॉ नूपुर गर्ग ने उपस्थित छात्र छात्राओं को इस वर्ष की थीम से अवगत करवाया। उन्होंने खुद के साथ ही परिवार और समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू सी मैठाणी ने अपने उदबोधन में स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक के अपने जीवन में कभी इन पदार्थों का सेवन नहीं किया। इसके साथ ही ऐसे करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ सृचना सचदेवा ने पर्यावरण की रक्षा करें थीम के विविध आयामों की चर्चा की। इस

> ''प्राचार्य डॉ यू सी मैठाणी ने अपने उदबोधन में स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक के अपने जीवन में कभी इन पदार्थों का सेवन नहीं किया। इसके साथ ही ऐसे करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति को महत्वपूर्ण बताया।''

अवसर पर डॉ ज्योति शैली ने बताया कि तम्बाकू के सेवन से प्रति वर्ष 80 से 90 प्रतिशत मौतें होती हैं और तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से मानवीय स्वास्थ्य और पर्यावरण को भारी क्षति उठानी पड़ रही है। मंचासीन डॉ राकेश नौटियाल ने छात्रों से कहा कि छोटे छोटे प्रयास करके समाज में तम्बाकू निषेध के प्रति सामूहिक संचेतना पैदा की जा सकती है जिसका पहला कदम अपने को अनुशासित कर लिया जा सकता है। बच्चों को संबोधित करते हुए, डॉ विजय प्रकाश भट्ट ने बताया कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की शुरुआत वर्ष 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा की गई जो लोगों को जागरूक बनाने के लिये प्रयासरत है। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मंच का संचालन डॉ विजय प्रकाश भट्ट ने किया। डॉ नूपुर गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# शहरी विकास मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने आवास विकास परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक की

नगर संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के वित्त व शहरी विकास मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधानसभा स्थित सभा कक्ष में आवास विकास परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच सम्पत्तियों के बंटवारे हेतु समझौते के अनुसार ही वर्तमान में कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वाल मण्डल में कुल 10144 संपत्तियां आवंटित हैं, वहीं कुमाऊं मण्डल में 6164 कुल आवंटित संपत्तियां हैं। मंत्री ने बताया कि परिषद का कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्पत्तियों का नामांत्रण, सम्पत्तियों का फ्री होल्ड व विक्रय अभिलेख, सम्पत्तियों के मानचित्र को स्वीकृत करना तथा नई परियोजनाओं का गठन करना सम्मिलित है। राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में स्वीकृत 19 योजनाएं वर्तमान में कार्यशील हैं। जिसमें हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर तथा नैनीताल में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 16776 आवास बनाये जाने हैं। मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत सभी योजनाओं पर तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं, जिससे प्रदेश का राजस्व बढ़े और कार्यों को गति मिले। मंत्री ने कहा कि जल्द ही राज्य आवास विकास बोर्ड की बैठक की जाएगी जिसमें लम्बित विषयों पर निर्णय लिया जाएगा।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।